
# धरती उगले सोना

कृषि आधारित पाक्षिक समाचार पत्र

वर्ष : 16 | अक्टूबर–नवम्बर–दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 | रबी फसल व नियंत्रण विशेष | पृष्ठ – 20 | मूल्य : 50/-

ग्राफिक्स : फैज़ान अंसारी | प्रधान संपादक : देवांशु चौधरी


अन्दर से



रबी फसल नियंत्रण



पन्ना के हीरे को मिला GI टैग



भण्डारण



पशुपालन



शिक्षा



## मेरी लेखनी की आवाज...

प्रिय कृषक / व्यापारी बंधुओं,

धरती उगले सोना का रबी फसल व नियंत्रण विशेषांक लेकर आपकी सेवा में उपस्थित है, आशा है कि हमारी टीम की मेहनत आपको अवश्य पसंद आयेगी। सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्र, दशहरा, धनतेरस, दीपावली एवं नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ। अब बात किसानों की। इस बार इंद्र देवता ने अपना प्रचंड रूप दिखाया और उस समय पानी बरसाया कि बढ़िया कटी हुई खलिहानों में पड़ी फसल भीग गई और किसानों के खिले चेहरे मुरझा गये। पूरे देश में खरीफ की फसल और दीवाली का त्यौहार बिगड़ गया। म.प्र. की सोयाबीन (पीला सोना) का गढ़ कहा जाता है और 3 वर्ष बाद अच्छी फसल थी, लेकिन आखिरी मोड़ पर पानी फिर गया। इस बार तो कृषि विभाग का सरकारी अमला भी समय पर नुकसान एवं मुआवजा का आकलन नहीं कर पाया, उनका ध्यान तो सिर्फ कारखानों व बड़े दुकानदारों पर रहा जहाँ से दीवाली मनाने की उगाई होती है, गरीब किसान की किसी को चिंता नहीं है,

इस बार सबसे ज्यादा असर कृषि आदानों की उगाही पर पड़ा है। पैसा जैसे बाजार में रुक–सा गया है, कृषि आदान कंपनिया काम करने से घबरा रही हैं, वैसे भी हम पहले बता चुके हैं कि खरपतवार निर्माताओं को तो तगड़ा झटका इस वर्ष भी लगा है और करोड़ों का माल वापस गोदाम में रिटर्न आकर पड़ा है, जिसे एक साल तक अवेरना उनकी मजबूरी है। सदैव की तरह इस बार भी सरकारी अमला किसानों के नुकसान का आंकलन कर मुआवजा की रकम का बंदर बांट करने को तत्पर है।

अब बात राजनीति की हम सदैव लिखते आये हैं कि मोदी राज में भष्ट्राचार का ग्राफ दो गुना हो चुका है एवं सरेआम रिश्वत के मामले सामने आ रहे हैं। विगत् कई दिनों से म.प्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की बात कर रहे हैं लेकिन क्या वाकई इसमें कोई सच्चाई है। आजकल चुनाव में नेता लोग पानी की तरह पैसा बहाते हैं जो ना जाने इनके पास किस पिछले दरवाजे से आता है, इस समय तो भ्रष्टाचार का ग्राफ दो–गुना हो जाता है, तबादले से लेकर ठेकों की मंजूरी ताबड़तोड़ होती है और उगाई भी पूरे जोश पर रहती है, कहाँ से करेंगे भ्रष्टाचार मुक्त देश ?

इस वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम ने करवट बदली है एवं सीजन 1 महीना देरी से चल रहा है, बरसात के बाद अब ठंड भी जबरदस्त पड़ रही है। फसलो, सबजियो एवं फूलो की खेती पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है जिसके कारण कीमते आसमान छू रही है। किसान को तो उसकी मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता लेकिन व्यापारी वर्ग कीमते बढ़ा कर जनता की जेब खाली कर रहा है।

चलते-चलते इन पंक्तियों के साथ...
जीवन में कभी भी हार मत मानना, क्योंकि संघर्ष भी उन्हीं को चुनता है जिसमें लड़ने की ताकत होती है...

आपका अपना
देवांशु चौधरी
प्रधान संपादक एवं प्रकाशक



















# प्याज की खेती कैसे करे और प्याज की खेती से अच्छी कमाई केसे करें सम्पूर्ण जानकारी



**प्याज की खेती से सम्बंधित जानकारी** प्याज की खेती सब्जी फसल के रूप में की जाती है द्य इसके फल पौधों की जड़ो में पाए जाते है द्य इसके अलावा प्याज को कई जगहों पर कांदा नाम से भी पुकारते है द्य प्याज का इस्तेमाल सब्जी और मसाले दोनों ही रूप में करते है द्य इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते है, जिस वजह से प्याज का सेवन करना शरीर के लिए लाभकारी होता है द्य इसके अलावा इसे औषधीय रूप में भी उगाते है, जिसका इस्तेमाल दवाइयों को बनाने में भी किया जाता है द्य प्याज मुख्य रूप से रेडिएशन को कम करता है द्य गर्मियों के मौसम में लू से बचने के लिए प्याज को खाना उपयुक्त माना जाता है द्य इसकी खेती के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है द्य भारत में प्याज की फसल को उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में की जाती है द्य प्याज की मांग पूरे वर्ष ही बनी रहती है, जिससे प्याज की खेती लाभकारी खेत के रूप में की जा सकती है द्य यदि आप भी प्याज की खेती करने का मन बना रहे है, तो इस लेख में आपको प्याज की खेती कैसे करे तथा प्याज से कमाई के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**प्याज की खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी, जलवायु और तापमान :** प्याज की खेती को किसी भी उपजाऊ मिट्टी में उगाया जा सकता है, किन्तु बलुई दोमट मिट्टी इसकी खेती के लिए उपयुक्त मानी जाती है द्य प्याज को कंद के रूप में उगाया जाता है, इसलिए जलभराव वाली भूमि में इसकी खेती को नहीं करना चाहिए द्य इसकी फसल के लिए 5 से 6 पी.एच. मान वाली भूमि की आवश्यकता होती हैद्य प्याज की खेती जगह के हिसाब से सर्द और गर्म दोनों ही जलवायु में की जा सकती है, किन्तु सर्द जलवायु में की गई प्याज की खेती से अच्छी पैदावार प्राप्त हो जाती है. सर्दियों के मौसम में गिरने वाला पाला इसके पौधो के लिए हानिकारक होता है द्य प्याज की फसल अधिकतम 30 डिग्री तथा न्यूनतम 15 डिग्री तापमान ही सहन कर सकती है।

**प्याज की उन्नत किस्में :** वर्तमान समय में जलवायु के हिसाब से अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए कई उन्नत किस्मों को तैयार किया गया है। इसके अलावा कुछ ऐसी भी किस्में है, जिन्हे अधिक पैदावार देने के लिए तैयार किया गया है। प्याज की यह किस्में रबी और खरीफ की प्रजातियों में बाँटी गई है।

**रबी प्रजाति की प्याज :** रबी के समय में की गई प्याज की खेती से अधिक पैदावार प्राप्त होती है द्य यह किस्म सर्दियों के मौसम में उगाई जाती है, जिनकी रोपाई नवंबर और दिसंबर के महीने में की जाती है द्य रबी के मौसम में उगाई जाने वाली किस्में इस प्रकार है :– पूसा रतनार, एग्रीफाउंड लाइट रेड, एग्रीफाउंड रोज, भीमा रेड, भीमा शक्ति और पूसा रेड आदि।

**खरीफ प्रजाति की प्याज :** खरीफ प्रजाति की किस्मों को बहुत कम उगाया जाता है द्य इसके प्याज की रोपाई मई और जून माह के मध्य में की जाती है द्य खरीफ के मौसम में भीमा सुपर, पूसा व्हाइट राउंड, एग्रीफाउंड डार्क रेड और भीम डार्क रेड किस्मों को उगाने के लिए तैयार किया गया है।

**एग्रीफाउंड डार्क रेड :** प्याज की इस किस्म को गर्मियों के मौसम में उगाया जाता है, इस किस्म के पौधो को भारत में लगभग सभी जगहों पर उगाया जाता है द्य इसके कंद आकार में गोलाकार होते हैं, जो बीज रोपाई के तकरीबन 100 से 110 दिन बाद पैदावार देने के लिए तैयार हो।

# लहसुन के रोग व रोकथाम

**प्रमुख कीट**

**थ्रिप्स–** यह छोटे और पीले रंग के कीट होते है जो पत्तियों का रस चूसते है। जिससे इनका रंग चितकबरा दिखाई देने लगता है। इनके प्रकोप से पत्तियों के शीर्ष भूरे होकर एवं मुरझाकर सूख जाते हैं।

**नियंत्रणः** इस कीट के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 5 मिली./15 ली. पानी या थायेमेथाक्झाम 125 ग्राम / हे. + सेंडोविट 1 ग्राम प्रति लिटर पानी में घोल बनाकर 15 दिन के अन्तराल पर छिडकाव करना चहिए।

**शीर्ष छेदक कीट–** इस कीट की मैगट या लार्वी पत्तियों के आधार को खाते हुये शल्क कंद के अंदर प्रवेश कर सड़न पैदा कर फसल को नुकसान पहुँचाती है।

**नियंत्रणः** 1. उपयुक्त फसलचक्र व उन्नत तकनीक से खेती करें। 2. फोरेट 1–1.5 कि.ग्राम सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर की दर से खेत में छिडक कर मिलावें। 3. इमिडाक्लोप्रिड 5 मिली./ 15 ली. पानी या थायेमेथाक्झाम 125 ग्राम / हे. + सेंडोविट 1 ग्राम प्रति लिटर पानी में घोल बनाकर 15 दिन के अन्तराल पर छिडकाव करना चहिए।

**प्रमुख रोग**

**बैंगनी धब्बा–** बैंगनी धब्बा रोग (पर्पिल ब्लाच) इस रोग के प्रभाव से प्रारम्भ में पत्तियों तथा उर्ध्व तने पर सफेद एवं अंदर की तरफ धब्बे बनते है, जिससे तना एवं पत्ती कमजोर होकर गिर जाती है। फरवरी एवं अप्रेल में इसका प्रकोप ज्यादा होता है।

**रोकथाम एवं नियंत्रणरू** 1. मैकोजेब कार्बोडिजम 2.5 ग्राम दवा के सममिश्रण से प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार कर बुआई करें। 2. मैकोजेब 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या कार्बेडिजम 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से कवनाशी दवा का 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिडकाव करें। 3. रोग रोधी किस्म जैसे जी–50, जी–1, जी 323 लगावें।

**झुलसा रोग–** रोग से प्रकोप की स्थिति में पत्तियों की उध्व स्तम्भ पर हल्के नारंगी रंग के धब्बे बनते है।

**नियंत्रणः** मैकोजेब 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या कार्बेंडज्म 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से कवनाशी दवा का 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिडकाव करें अथवा कापर आक्सीक्लोराईड 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी सेंडोविट 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से कवनाशी दवा का 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिडकाव करें।









# कृषि महाविद्यालय सीहोर के कन्या छात्रावास एवं ऐरोपोनिक्स इकाई का लोकार्पण खेती की जैविक पद्धतियों को अपनाएँ

सीहोर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि किसान को खेती की जैविक पद्धतियों, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करें। कृषि की आधुनिक तकनीक और नई शोध पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन की क्वालिटी और क्वांटिटी बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि अब समाज में लोगों का रूझान जैविक उत्पादों की ओर बढ़ रहा है। राज्यपाल श्री पटेल कृषि महाविद्यालय सीहोर के कन्या छात्रावास एवं ऐरोपोनिक्स इकाई के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंसाना भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्राकृतिक खेती, भूमि एवं पर्यावरण हितैषी कृषि पद्धति है, जो भूमि की उर्वरता बनाए रखती है। इसके लिए समय–समय पर वर्मी कंपोस्ट का उपयोग भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि वे किसानों की आय बढ़ाने वाली उन्नत बीजों और नई तकनीकों पर अनुसंधान करें। राज्यपाल श्री पटेल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की भावना के साथ मेहनत से कार्य करने का संदेश दिया।

सीहोर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि किसान को खेती की जैविक पद्धतियों, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करें। कृषि की आधुनिक तकनीक और नई शोध पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन की क्वालिटी और क्वांटिटी बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि अब समाज में लोगों का रूझान जैविक उत्पादों की ओर बढ़ रहा है। राज्यपाल श्री पटेल कृषि महाविद्यालय सीहोर के कन्या छात्रावास एवं ऐरोपोनिक्स इकाई के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंसाना भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्राकृतिक खेती, भूमि एवं पर्यावरण हितैषी कृषि पद्धति है, जो भूमि की उर्वरता बनाए रखती है। इसके लिए समय–समय पर वर्मी कंपोस्ट का उपयोग भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि वे किसानों की आय बढ़ाने वाली उन्नत बीजों और नई तकनीकों पर अनुसंधान करें। राज्यपाल श्री पटेल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की भावना के साथ मेहनत से कार्य करने का संदेश दिया।

## प्रदेश में किसान कल्याण की अनेक योजनाएं संचालित : श्री कंषाना

कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुलगुरु श्री अरविन्द कुमार शुक्ला ने कृषि महाविद्यालय तथा राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कृषि वैज्ञानिक, विद्यार्थी, अधिकारी तथा किसान उपस्थित थे।























ब्राह्मी
देशी गौ
दुग्धामृतम्
Our Products : Pure Ghee, Paneer, Curd Etc.
Book your delivery today!
8602125001, 9201247783


Raw & Unprocessed Honey
Baiso®
ORGANICS
Baiso Organics Brings you the Best Quality of Organic and Natural Products Range Like Organics Honey, Mustard Oil, Sesame Oil Bajra Atta, Jowar Atta & Many More
baiso.organics
Baiso Organics
Baiso Organics
baisoorganics@gmail.com
www.baisoorganics.com
Contact : 9755544335, 7827717821


हीरे सी खरी स्वाद की शुध्दता
51 CARAT
शिव इंटरप्राजेस
71/2, शीतल नगर, किला मैदान रोड, इंदौर (म.प्र.)
मो.: 9926025059, 7999996811
Email : 51caratmasale@gmail.com
डीलरशिप हेतु व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित है।


श्री दीप ज्योति नेचुरल्स
आदर्श ग्राम–खेरखेड़ा
कच्ची घाणी तेल युनिट लकड़ी की घाणी से निर्मित
श्री दीप ज्योति किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि
जैविक किसानो की अपनी कम्पनी
पता– ग्राम खेरखेड़ा तह. सतवास जिला–देवास (म.प्र.) 455–338
प्रो.डॉ. रामभरोस बैरागी : 9770745230


M2
M2 COOLING SOLUTION
Manoj Shankwar
Founder & CEO
Cooling Towers Systems
ETP & STP Plants
Chillars Systerm
ADD : 60, NEW DEWAS ROAD INDORE (M.P.)
ADD : KIRLOSKAR IND. AREA, UJJAIN ROAD, DEWAS
ADD : PROGRESSIVE PARK, SECTOR E NEAR VINAYAK TOL KATA, SANWER RD., INDORE


EXTREME
PACKAGING MACHINES
Download the App
App Store
Google Play
CONTACT : +91-7828298400, 6261303140, 7828460057


श्रीधी दूध
दूध । घी
CELEBRATING 5 YEARS
Pawanshree Food International Pvt. Ltd.
H.O.: 164, Bhagwandin Nagar, Behind Sapna Sangeeta (INOX), Indore - 452001 (M.P.)
Plant: 68-A, Industrial Area, Makshi, Shajapur - 465106 (M.P.)
ShreedhiMilk
+91-7869901999
www.shreedhi.in


Smart Pack®
Complete Packaging Solution
पैकेजिंग में नया क्या है ???
International Quality Packaging Product Range
Download the App SMART PACK INDIA
Google play
App Store
Smart Packaging System
Business Enquiries Solicited


A Trusted Destination For Your Get Together
Reception
Cilantro
Banquet
Lounge
Suite Room
Room 1
Lawn
Wash Room
Facilities
100+ People in Banquet Nipania & 200 at Teen Imli & 2500+ In Lawn Nipania 600 People at Teen Imli (Ideal Place for Conference & Family Programs)
Rahul Kumar - Mob. : 98934 49187
Survey No. 348/5, 348/6 and 349/4, Village Chitovad, Palda Road, Teen Imli Square, Ring Road, Indore-452001 MP www.jordinhotels.com
JARDIN HOTELS
Mahesh Bhandari - Mob. : 99931 62889
43/9 Tulsi Nagar, Nipania, Indore
0731 355 0000
www.jordinhotels.com


अनंत
ब्रांड मशीन्स
RAJ WORKS & INDUSTRIES
RWI


हल्दी

मसालों के मामले में भारत एक धनी देश है। यहां अलग–अलग व्यंजनों के लिए सामान्य से लेकर खास मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, इनमें कुछ ऐसे भी मसाले हैं, जिन्हें अपने औषधीय गुणों की वजह से आर्युवेद में विशेष स्थान दिया गया है। हल्दी इन्हीं में से एक है। माना जाता है कि स्वास्थ्य के लिए हल्दी के फायदे अनेक हैं। यही वजह है कि स्टाइलक्रेज के इस लेख में हम हल्दी के औषधीय गुण बताने जा रहे हैं। यहां आप जान पाएंगे कि सामान्य सी दिखने वाली हल्दी का उपयोग किस प्रकार शरीर को लाभ पहुंचाने का काम कर सकता है। हल्दी के फायदे के साथ इस लेख में हल्दी के नुकसान के बारे में भी बताया गया है। लेख को पढ़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि हल्दी किसी भी बीमारी का इलाज नहीं है, यह केवल समस्या से बचाव और उनके प्रभाव को कुछ हद तक कम करने में मददगार हो सकती है।

हल्दी के औषधीय गुण अनेक हैं, जिनमें एंटीइन्फ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीट्यूमर, एंटीसेप्टिक, एंटीवायरल, कार्डियोप्रोटेक्टिव ( ह्रदय को स्वस्थ रखने वाला गुण ), हेपटोप्रोटेक्टिव (लिवर स्वस्थ रखने वाला गुण) और नेफ्रोप्रोटेक्टिव (किडनी स्वस्थ रखने वाला गुण) गुण मुख्य हैं । हल्दी का उपयोग शरीर के लिए प्रकार लाभदायक हो सकता है।


अश्वगंधा

क्या आप जानते हैं कि एक प्राचीन जड़ी–बूटी आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कुंजी हो सकती है? अश्वगंधा, एक शक्तिशाली एडाप्टोजेनिक पौधा है, जिसने अपने व्यापक स्वास्थ्य लाभों के लिए लोकप्रियता हासिल की है। इस उल्लेखनीय जड़ी–बूटी का उपयोग सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए किया जाता रहा है। मानसिक स्वास्थ्यआज, दुनिया भर में लोग कई तरीकों से अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अश्वगंधा की क्षमता की खोज कर रहे हैं।

अश्वगंधा के लाभ पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए हैं, जो स्वास्थ्य के लिए एक प्राकृतिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। चिंता और तनाव को कम करने से लेकर ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और वजन घटाने में सहायता करने तक, इस बहुमुखी जड़ी बूटी में बहुत कुछ है। आइए अश्वगंधा के उपयोग, इसके स्वास्थ्य लाभों और इसे अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल करें, इस पर चर्चा करें। चाहे आप अपने शारीरिक प्रदर्शन, मानसिक स्पष्टता या समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाना चाहते हों, अश्वगंधा यह प्राकृतिक समाधान हो सकता है जिसकी आपको तलाश है।

# एलोवेरा के फायदे, नुकसान व औषधीय गुण



एलोवेरा को एक औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है. एलोवेरा की बहुत सारे फायदे है, चाहे वह त्वचा की बीमारी हो या या पेट की। एलोवेरा का उपयोग कई बीमारियों से निजात पाने के लिए  किया जाता है। एलोवेरा में आयुर्वेदिक औषधि गुण मौजूद होते हैं जो हमें बीमारियों को खत्म करने में सहायता मिलती है। यलिए एलोवेरा के फायदे के तथा एलोवेरा से क्या नुकसान हो सकते हैं, इसके बारे में जानने  वाले हैं।

**१) एलोवेरा खांसी जुकाम में फायदेमंद**

एलोवेरा खांसी जुकाम में बहुत ही असरदार काम करता है। लेकिन आपको यह पता होना आवश्यक की एलोवेरा का खांसी जुकाम में किस तरीके से उपयोग करें। सबसे पहले आपको एलोवेरा के पौधे का जूस निकालना है। उसके बाद एलोवेरा के जूस के साथ सेंधा नमक मिलाकर राख बना ले, तथा रात को सुबह शाम पांच 5 – 5 ग्राम मुनक्का के साथ सेवन करें आपको सर्दी जुकाम में जल्दी आराम मिलेगा।

**2) एलोवेरा सिर दर्द में फायदेमंद**

हमने आयुर्वेदिक डॉक्टर से सुना है, कि एलोवेरा का उपयोग  सिर दर्द के लिए किया जाए तो काफी फायदेमंद हो सकता है। इसका उपयोग कुछ इस प्रकार से करना है– सबसे पहले आपको एलोवेरा का जेल ले लेना तथा इसमें थोड़ी सी मात्रा में दारूहल्दी का चूर्ण को मिला ले, तथा इसे गर्म करके पीड़ा वाले जगह पर लगा ले, आपको जल्द ही आराम मिलेगा।

**३) एलोवेरा कब्ज में फायदेमंद–**

एलोवेरा पेट से संबंधित कई विकारों से छुटकारा दिलाता है, लेकिन आपको ज्ञात होना चाहिए, कि कब्ज से छुटकारा पाने के लिए किस तरीके से एलोवेरा का इस्तेमाल करना चाहिए। एलोवेरा का जेल निकालकर पीने से कब्ज से छुटकारा मिल सकता है।

**४) एलोवेरा आंखों के लिए फायदेमंद**

एलोवेरा आंखों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आयुर्वेद में इसका प्रयोग किया जाता है, आंखों के लिए आप एलोवेरा के गुदे को निकालकर उसमें थोड़ी सी हल्दी को गर्म कर ले, और इसे आंखों पर बांध ले इससे आपके आंखों पर होने वाली लालिमा तथा आंखों में होने वाली सूजन को कम करता है।

**५) एलोवेरा कान के लिए फायदेमंद**

यदि किसी को कान दर्द की समस्या है, तो इससे निजात पाने के लिए आप एलोवेरा का जूस हल्का गुनगुना करके जिस कान में दर्द हो उस कान में दो बूंद डालने से कान का दर्द कम होता है।









**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर किसान संघ, भाजपा पदाधिकारी, उज्जैन के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन उज्जैन के साथ बैठक कर सिंहस्थ के आयोजन को लेकर समग्र रूप से चर्चा की। बैठक में सिंहस्थ का आयोजन दिव्य, भव्य और विश्व स्तरीय करने के लिये हर संभव प्रयास करने पर सहमति बनी, जिसमें साधु–संतों, किसानो के हितों का व्यापक रूप से ध्यान रखा जायेगा। चर्चा के बाद सिंहस्थ लैंड पूलिंग को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरीय प्रशासन विकास विभाग और जिला प्रशासन को आदेश जारी करने के निर्देश दिये।

### मुख्यमंत्री का किसान संघ ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया

बैठक में वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, किसान संघ की और से सर्वश्री महेश चौधरी, कमल सिंह आंजना, अतुल माहेश्वरी, लक्ष्मी नारायण पटेल, भरत बैस, रमेश दौंगी, बीजेपी संगठन की और से नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, जिला महामंत्री श्री कमलेश बैरवा, महामंत्री श्री जगदीश पांचाल और श्री आनंद खींची उपस्थित रहे। किसान संघ द्वारा मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया गया।

## 24 साल पुराना नियम खत्म, अब दो से ज्यादा बच्चे होने पर सरकारी नौकरी खोने का डर नहीं



भोपाल। मप्र सरकार बड़ा फैसला लेने जा रही है। इसके मुताबिक अब सरकारी कर्मचारियों के लिए दो से ज्यादा बच्चे होने पर नौकरी जाने का डर खत्म हो जाएगा। राज्य सरकार ने साल 2001 से चली आ रही दो बच्चे की सीमा को हटाने का निर्णय लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने हाल ही में इस प्रतिबंध को पूरी तरह हटाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दिया गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जैसे ही कैबिनेट इसकी मंजूरी देगी, नया नियम तुरंत लागू हो जाएगा। यह प्रतिबंध पिछले 24 साल से लगा था। इसे हटाने का समय कई लोगों को चौंकाने वाला लगा। क्योंकि, ठीक एक साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में कहा था कि हर परिवार में कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी थी कि बहुत कम बच्चे वाली समाज धीरे–धीरे खत्म हो जाती है और जनसंख्या संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

मोहन भागवत के इस बयान के दस महीने बाद अक्टूबर 2025 में मध्यप्रदेश सरकार ने संकेत दिया था कि वह दो बच्चे का नियम हटाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाएगी। अब तीन महीने की लंबी चर्चा और वरिष्ठ अधिकारियों के सुझाव के बाद यह प्रस्ताव अंतिम रूप ले चुका है। पड़ोसी राज्य राजस्थान ने यह प्रतिबंध 2016 में और छत्तीसगढ़ ने 2017 में ही हटा दिया था। अब मध्यप्रदेश भी उन्हीं के रास्ते पर चल पड़ा है। जल्द ही मध्यप्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को यह राहत मिलने वाली है कि वे कितने भी बच्चे चाहें, रख सकते हैं, उनकी नौकरी पर कोई खतरा नहीं होगा। यह फैसला राज्य में जनसंख्या नीति और परिवार कल्याण के नजरिए से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## इफको द्वारा कृषि अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



मुरैना जिले के कृषि अधिकारियों के लिए आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 115 कृषि अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर जे सी गुप्ता, प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र मुरैना थे तथा विशिष्ट अतिथि श्री श्री अनंत सरैया, उपसंचालक कृषि मुरैना थे स कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री दिनेश कुमार सोलंकी राज्य विपणन प्रबंधक इफको भोपाल ने की। कार्यक्रम में आधुनिक नवीन टेक्नोलॉजी नैनो उर्वरकों के इफको द्वारा विकास एवं किसान हित में जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए नैनो तकनिकी से बने उर्वरकों के उपयोग करने की सलाह दी गई॰ कार्यक्रम में सर्वाधिक उपयोग करने वाले नैनो उर्वरकों से संतुष्ट किसानों के द्वारा भी अपने अनुभव प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में तकनीकी जानकारी डा बी एस कैंसाना, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र मुरैना द्वारा दी गयी। श्री अनंत सरैया, उप संचालक, कृषि, मुरैना द्वारा अपने उदबोधन में कृषि फील्ड स्टाफ को अधिक से अधिक तकनिकी जानकारी अपडेट कर किसानों को सही सलाह देने पर जोर दिया तथा रासायनिक खादों के उपयोग को घटाने के लिए किसानों को जाग्रत करने का संकल्प लेने की बात कही। श्री दिनेश कुमार सोलंकी, राज्य विपणन प्रबंधक, इफको भोपाल द्वारा जमीन में जैविक कार्बन बढ़ाने पर जोर दिया तथा नैनो उर्वरकों का उपयोग बढाकर परंपरागत खादों की खपत घटाने की विधियों पर चर्चा की। डा. जे. सी. गुप्ता, प्रमुख, के वी के, मुरैना ने अपने उदबोधन में संतुलित उर्वरक प्रबंधन पर जोर देते हुए सल्फर एवं जिंक की उपयोगिता पर जोर दिया गया॰कार्यक्रम का संचालन डा. बी. एस. जादौन, मुख्य क्षेत्र प्रबंधक, इफको, मुरैना द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजन में सहयोग श्री प्रदीप शर्मा, विक्रय अधिकारी, इफको बाजार ने किया गया ।

## भावांतर योजना में रेकॉर्डेड 4234 रुपए सोयाबीन का मॉडल रेट



भोपाल स मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 16 नवंबर को रेकॉर्डेड 4234 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए तथा 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।



राष्ट्रीय किसान दिवस पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (IARI) पूसा नई दिल्ली द्वारा आयोजि कार्यक्रम में कृषि कार्य में दक्षता बढ़ाना शारीरिक मेहनत कम एवं कम लागत में यंत्रीकरण के माध्यम से मुनाफा बढ़ाना विषय पर चर्चा में मुख्य पैनलिस्ट के रूप में मंचासीन होने का सुअवसर प्राप्त हुआ ।


## रूबी पारीक को राष्ट्रीय सम्मान



**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, लालसोट।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के मेला ग्राउंड में 7 से 9 दिसंबर तक कृषि जागरण एवं आईसीएआर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय वैश्विक किसान सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में देशभर के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक, एग्री स्टार्टअप, कृषि कंपनियां, प्रगतिशील व नवाचारी किसान, शोधकर्ता तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट रहे। सम्मान भारत सरकार के पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा प्रदान किया गया। मंच पर कृषि जागरण के संस्थापक एवं एडिटर–इन–चीफ एम.सी. डोमिनिक तथा मैनेजिंग डायरेक्टर शाइनी डोमिनिक भी मौजूद रहीं। इस दौरान दौसा जिले के लालसोट उपखंड क्षेत्र के खटवा ग्राम की निवासी रूबी पारीक को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किए गए नवाचार, उत्कृष्ट योगदान तथा स्वस्थ समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी पहल के लिए राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। रूबी पारीक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर बार–बार दौसा का नाम आना गर्व का विषय है। कार्यक्रम में दौसा के लगभग 10 किसानों को सम्मान मिला, जबकि राष्ट्रीय अवार्ड केवल रूबी पारीक कोप्राप्तहुआ।

## रणजीत धाम में हुआ मासिक पत्रिका श्री पवन पुत्र का विमोचन संपन्न



इंदौर में स्थित 141 वर्ष पुराने रणजीत हनुमान मंदिर में शहर के वरिष्ठ पत्रकारों व रणजीत बाबा के सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार बृजेश जोशी द्वारा संपादित ,प्रकाशित मासिक पत्रिका श्री पवन पुत्र के विशेष अंक का विमोचन किया गया,जो रणजीत हनुमानजी 12 दिसंबर को निकलने वाली प्रभात फेरी को समर्पित था । इस मौके पर हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी दीपेश व्यास और रितेश व्यास ने रणजीत दरबार में पूजन अर्चन के साथ पत्रिका रणजीत हनुमानजी को समर्पित की।

### शोक संदेश



**स्व. श्री धर्मेंद्र जी**

भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत कहा गया है, जिनकी सादगी, विनम्रता और शानदार अभिनय ने कई पीढ़ियों के दिलों को छुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य हस्तियों ने उनके निधन को एक अपूरणीय क्षति बताया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। सोना–उगले मिट्टी परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि स्व. श्री धर्मेंद्र जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहने की क्षमता प्रदान करे...

।। ओम शांति ।।

### शोक संदेश



**स्व. श्रीमती मंजू भार्गव**

(जन्म 23.06.1943 – स्वर्गवास 04.11.2025)

धर्मपत्नी, स्वर्गीय श्री सतीश चंद्र जी, पेपर ट्रेड लिंक के श्री संदीप भार्गव की माता श्री अपनी सांसारिक यात्रा को पूर्ण करके मंगलवार 4 नवंबर कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को प्रभु के श्री चरणों में लीन हो गई है। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सोना–उगले मिट्टी परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि स्व. श्रीमती मंजू भार्गव को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहने की क्षमता प्रदान करे...

।। ओम शांति ।।

### शोक संदेश





**स्व. श्रीमती आदर्श सहगल**

विगत दिनो श्री संदीप सहगल की माताजी का स्वर्गवास हो गया है. आप बहुत ही धार्मीक एवं मिलनसार स्वभाव की महिला थी एवं श्रीमती मधु चौधरी की परम मित्र थी। सोना–उगले मिट्टी परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि स्व. श्रीमती आदर्श सहगल को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहने की क्षमता प्रदान करे...

।। ओम शांति ।।

## कृषि सहित सभी क्षेत्रों में उपयोग के लिए सरकार ने बनाई नई ड्रोन पॉलिसी : डॉ. यादव मुख्यमंत्री ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो 2025 में हुए शामिल



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र की सहायता से प्रदेश में विकास के हर संभव प्रयास जारी हैं। प्रदेश सरकार ने अपनी नई ड्रोन पॉलिसी भी तैयार की है। हमें दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। भारतीय समाज नई तकनीक और नवाचारों को शीघ्रता से आत्मसात करने में कभी पीछे नहीं रहा है। ड्रोन, विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है। ड्रोन कृषि कार्यों में आज अन्नदाता की मदद कर रहा है। इससे खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आसान हुआ है। ड्रोन तकनीक से देश के दुश्मनों का खात्मा भी हो रहा है। अब तो शादियां भी ड्रोन के बिना पूरी नहीं होती हैं। हमारे वैज्ञानिक वाइस कमांड कंट्रोल की सहायता से ड्रोन को ज्यादा आधुनिक बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ड्रोन तकनीक कार्यशाला एवं एक्सपो 2025 का विज्ञान भवन में शुभारंभकिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी और वर्कशॉप का शुभारंभ कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, स्टार्टअप और औद्योगिक संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर पहुंचकर ड्रोन तकनीक के शैक्षणिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



































कमल टंदन
राष्ट्रीय अध्यक्ष



गिरीश जोरे
म.प्र. अध्यक्ष

ऑल इंडिया क्राइम रिफॉर्म्स ऑर्गेनाइजेशन के 32 वर्ष पूरे होने पर सोना–उगले मिट्टी के प्रधान संपादक श्री देवराज चौधरी ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

AAPKI KHETI
आपकी खेती
+919827282091
info@aapkikheti.com
www.aapkikheti.com

किसानों के बीच 1984 से एक विश्वसनीय नाम



मित्तल एग्रोको
राजीव बंसल
अधिकृत : विक्रेता आरसीएफ, जीएनएफसी फर्टिलाइजर्स, श्री कृष्णा सीड्स एवं अन्य कृषि आदानों के विक्रेता।
बस स्टैण्ड के पास, धौलपुर -328001 (राजस्थान)
मो. 09351310748

## DESIGN N'BUILD EXPO PICS




## SWADESHI AND OCTAVE FAIR PICS






द्वितीय पुण्य स्मरण

विनम्र श्रद्धांजलि | विनम्र श्रद्धांजलि



स्व. श्री अरुण अरोड़ा (नीटू अंकल)

OUR GROUP VENTURES

सोना–उगले मिट्टी | MOBDIGITAL | घरोंदा | Raj Advertisers | धरती उगले सोना

द्वितीय पुण्य स्मरण

भावभीनी श्रद्धांजलि | भावभीनी श्रद्धांजलि



स्व. श्री अरुण अरोड़ा (नीटू अंकल)

–: विनीत :–
चेयरमेन श्री सुरेशसिंह भदौरिया, वाइस चेयरमेन श्री मयंकराज सिंह भदौरिया, इंडेक्स समूह, अमलतास समूह

OUR GROUP VENTURES

Index | AMALTAS Institute of Medical Sciences | INDEX International School | Radisson | AMALTAS | MAHAKAL

AMALTAS UNIVERSITY, DEWAS | MALWANCHAL UNIVERSITY, INDORE

Book Your STALL Now
India's Leading Exhibition on,
Agriculture Machinery, Dairy
Equipments & Agriculture Technology
krishi MACH EXPO
13-14-15 MARCH 2026
PARADE GROUND, SECTOR-17
CHANDIGARH



300+ Stalls
50,000+ Visitors
7500+ Product Display
For Stall Booking Contact :
Devraj Chaudhary | Mansi Soni | Khushi Sharma | Raj Sanodiya | Piyush Sanodiya | Naresh Mundre

प्रो. शाहनवाज खान मो. 8120420679
ओमप्रकाश कुशवाहा मो. 9893834952
ROYEL ENTERPRISES
रायल इन्टरप्राईजेज
सभी प्रकार की कीटनाशक दवाओं के थोक एवं फुटकर विक्रेता
म.प्र. ग्रामीण बैंक के सामने, अमरावद कलां, तह. बाड़ी, जिला - रायसेन (म.प्र.)

प्रो.प्रा.संजय मण्डलोई
मो. 9926250933
8109150933
संजय
एग्रो ऐजेंसी
बस स्टेण्ड, अकोदिया मंडी, जि.शाजापुर म.प्र.
syngenta UPL

कृषि आदान विक्रय का विश्वसनीय संस्थान :
गायत्री टेडर्स
उन्नत बीज, रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाईयाँ एवं समस्त कृषि उपयोगी वस्तुएं मिलने का विश्वसनीय केन्द्र
44, अनाज मंडी खंडवा (म.प्र.) प्रो. आशीष भंसाली
फोन 2229190 मो.: 09425085190

प्रो. माखन सिंह सैंधव (विशाल सरपंच)
मो. 9302370402
9827996817
राज ट्रेडर्स
कृषी बीज एवं किटनाशक दवाईया
पता - बघेल कॉम्प्लेक्स, एम.जी.रोड सोनकच्छ जिला-देवास

वर्षों से किसानो की सेवा पर तत्पर
SKSK
मे. सतनाम कृषि सेवा केन्द्र
उन्नत बीज
कीटनाशक दवाईयाँ
रासायनिक खाद
स्प्रे पम्प एवं पम्प पार्टस् के विक्रेता
68-पंधाना रोड, जलेबी चौक, खण्डवा (म.प्र.)
फोन: 0733-2226483 मो.: 09424018725-26

प्रो. भरत परमार
राधेश्याम परमार
9827539326
9691294215
Email: bo9044768@gmail.com
न्यू जय माता दी
कृषि सेवा केन्द्र
सभी प्रकार की कीटनाशक दवाईयाँ उन्नत किस्मों के बीज एवं खाद के थोक व खेरची विक्रेता

मनिष धाकड़ 8770836450 9977008710
शंकरलाल धाकड़ 8770170265
बालाजी
एग्रो एजेन्सी
कृषि दवाईयाँ एवं बीज के विश्वसनीय विक्रेता
पॉलीटेक्निक चौराहा, नई धानमण्डी रोड, जावरा, जि. रतलाम (म.प्र.)

9424541587
8085891825
शर्मा एग्रो एजेन्सी
सभी प्रकार के कीटनाशक दवाईया एवं उन्नत बीजों के विक्रेता
कोर्ट के सामने, रूणिजा रोड, बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)
SWAL SML

न्यू गायत्री कृषि सेवा केन्द्र
हमारे यहाँ खरपतवार नाशक, कीटनाशक, खाद, बीज, पाईप सबमर्सिबल पम्प व सभी प्रकार की कृषि सामग्री उपलब्ध है।
-: अधिकृत विक्रेता :-
syngenta BASF FMC SML insecticides

माँ पार्वती ट्रेडर्स
मेन रोड, आम्बुआ तह. अलीराजपुर
जिला – अलीराजपुर
खाद, बीज, कृषि दवाईयो एवं कृषि उपकरणों के खेरची विकेता।

माधव माहेश्वरी मो. 9131635106
मोहित माहेश्वरी
मे.विनोद एण्ड कम्पनी
सदर बाजार, अकोदिया मण्डी, जिला शाजापुर म.प्र.

प्रो. विक्रमसिंह धाकड 9977505441
प्रो. जीवन धाकड 9754971133
प्रिया कृषि सेवा केन्द्र
खाद * बीज * किटनाशक * खरपतवार नाशक
सिमेन्ट * सेनेट्री * हार्डवेयर * स्टाटर पार्टस
ट्रेक्टर्स पार्टस * कालम पाईप * स्प्रे पम्प * स्प्रे पम्प रिपेरींग

श्री साँई
कृषि सेवा केन्द्र
उन्नत बीज • रासायनिक खाद • कीटनाशक दवाईयां
विशाल मार्केट, मेन रोड खारकलां जि. खण्डवा
अशोक कुमार जायसवाल
9827577333, 9340832988

न्यू मेहता ट्रेडर्स
अधिकृत विक्रेताः सीमेन्ट, ईट, रेती, सरिया एवं परिवहन कार्य, जनरल मर्चेन्ट एवं कमीशन एजेन्ट
फोनः 72962 64912

पाटीदार कृषि सेवा केन्द्र
हमारे यहां समस्त प्रकार के कृषि संबंधित खाद, बीज, दवाईयां एवं बारदान उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
एम.पी.ई.बी. रोड, कालापीपल मण्डी, जिला-शाजापुर (म.प्र.) 465337
प्रोप्रा. अर्जुन पाटीदार : 9753102896
-: अधिकृत विक्रेता :-
syngenta BASF ADAMA FMC

## शोक संदेश



**स्व. श्री नवाब सिंह कुशवाह**

विगत दिनो साइंस कॉलेज ग्वालियर के पूर्व अध्यक्ष, म.प्र. वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक में मैनेजर, श्रीमति मीरा (पत्नी), श्री बलबीर सिंह (पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बसपा) (भाई), अभिषेक– दीक्षा (पुत्र–पुत्रवधु), सोनाली दिनेश (पुत्री–दामाद), शीतल – आनंद (पुत्री–दामाद) श्री नवाब सिंह कुशवाह का निधन हो गया है। सोना–उगले मिट्टी परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि स्व. श्री नवाब सिंह कुशवाह को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहने की क्षमता प्रदान करें...

।। ओम शांति ।।

## शोक संदेश



**स्व. श्रीमती सतीश सहाय**

विगत दिनो शूजाबाद परिवार की स्तंभ स्व. कर्नल बलदेव सहाय की धर्म पत्नी व श्री देवराज चौधरी की मामी जी का स्वर्गवास दिल्ली में हो गया। सोना–उगले मिट्टी परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि स्व. श्रीमती सतीश सहाय को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहने की क्षमता प्रदान करे...

।। ओम शांति ।।

## शोक संदेश



**स्व. श्रीमती ब्रजराज कुमारी**

विगत दिनो स्व. श्री जस्टिस चन्द्रपाल सिंह जी की धर्म पत्नी व अनंतपाल व गायत्री सिंह की माताजी श्रीमती ब्रजराज कुमारी का निधन हो गया। सोना–उगले मिट्टी परिवार परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि स्व. श्रीमती ब्रजराज कुमारी को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहने की क्षमता प्रदान करे...

।। ओम शांति ।।

# एग्रोविजन 2025 नागपुर कृषि मेला धूमधाम से सम्पन्न

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एग्रोविजन, नागपुर कृषि मेला धूमधाम से सम्पन्न हुआ, कई प्रतिष्ठित कंपनियो ने अपने स्टाल लगाकर मेले में चार चांद लगाये। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। श्री नितिन गडकरी ने श्री शिवराज को मेले का अवलोकन कराया। सोना–उगले मिटटी व धरती उगले सोना की टीम इस मेले में विशेष रूप से उपस्थित थी।





# मध्यप्रदेश की फार्म–टेक इंडिया कृषि प्रदर्शनी 2025

इंदौर। प्रदेश और देश के किसानों, कृषि उद्योग से जुड़े उद्यमों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के लिए रेडीकल कम्युनिकेशन्स द्वारा आयोजित फार्म – टेक इंडिया कृषि प्रदर्शनी 2025 का भव्य आयोजन 8 से 10 नवम्बर 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लाभगंगा एग्जिबिशन सेंटर (लाभगंगा गार्डन), ए. बी. रोड बायपास, फीनिक्स मॉल के सामने, द पार्क होटल के बगल में, इंदौर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यह प्रदर्शनी कृषि, डेयरी, सिंचाई, कृषि यंत्र, पशुपालन एवं जैव प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित थी। देश और विदेश की सैकड़ों अग्रणी कंपनियां अपने नवीनतम उत्पादों, तकनीकों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। नई तकनीक और स्मार्ट फार्मिंग समाधान, आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन और सिंचाई तकनीक, डेयरी, पशुपालन, बीज, खाद एवं ऑर्गेनिक खेती समाधान, विशेषज्ञों से मुफ्त सलाह और लाइव डेमो, किसानों ने लाभ उठाया। सोना–उगले मिट्टी की टीम उस मेले में विशेष रूप से उपस्थित थी।



# SOLAR FAIR URBAN HAT, INDORE



# जागरूकता रैली के साथ 3 दिनी जैविक महोत्सव व मिलेट्स फूड फेस्टिवल धूमधाम से सम्पन्न...

विगत दिनो ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुंआ इंदौर में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टियल का शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव 12 से 14 दिसंबर तक चलेगा। शुभारंभ के पूर्व श्रीअन्न के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रीगल चौराहे से ग्रामीण हाट बाजार तक मिलेट्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के शुभांरभ में उपाध्यक्ष जिला पंचायत भारत ये रहे मौजूद सिंह पटेल, कंचन सिंह चौहान, जनक पलटा, महेश चौधरी, लक्ष्मीनारायण पटेल, राजेन्द्र पाटीदार, घनश्याम पाटीदार, वरदराज मंडलोई, उप संचालक कृषि सीएल केवडा, आत्मा परियोजना की शर्ली थ्रामस, रश्मि प्रचंड, संदीप यादव, विजय जाट, सहायक संचालक कृषि डीएस वर्मा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एसआर एस्के, राहुल मालवीय, जितेन्द्र पाटीदार, अधिकारी कृषि विभाग व आत्मा के उप संचालक कृषि श्री सी.एल. केवडा, आत्मा परियोजना की श्रीमती शर्ली थामस, श्रीमती रश्मि प्रचंड, संदीप यादव, विजय जाट, सहायक संचालक कृषि डी. एस वर्मा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एस. आर. एस्के, कृषि विकास अधिकारी श्री. शोभाराम आदि मंच पर उपस्थित थे।

फूड फेस्टिवल में पहली बार आने वाले लोगों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है–मिलेट्स से बने विभिन्न व्यंजन। ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी जैसे अनाजों से बने डोसा, खिचड़ी, पिज्जा, हलवा, लड्डू और फ्यूजन डिशेज लोगों को सेहत और स्वाद का बेहतरीन मेल दे रही हैं। फेस्टिवल रोजा सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चला।

महोत्सव की प्रदर्शनी में नीमच,

इंदौर, धार, बड़वानी समेत कई जिलों के जैविक किसान अपने अनोखे और शुद्ध उत्पाद लेकर पहुंचे है। नीमच के किसान भागीरथ नागदा अपनी ऑर्गेनिक अश्वगंधा और मसालों के कारण ध्यान खींचा । फेस्टिवल में आए लोगों का कहना है कि एक ही जगह पर इतने तरह के प्राकृतिक उत्पाद मिलना और किसानों से सीधे बातचीत करने का मौका मिलना इस कार्यक्रम की खास पहचान है। सोना–उगले मिट्टी की टीम उस मेले में विशेष रुप से उपस्थित थी।




## SOLAR EXPO HOTEL SHERATON INDORE

इंदौर में होटल शैरेटन में 17,18 दिसम्बर को 'इंदौर ग्लोबल सोलर एक्सपो एवं सूर्यकॉन कॉन्फ्रेंसद्2025' का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया,जिसमें पुरे भारत से कई नामी उद्योगपतियों की सोलर कम्पनियो ने अपने सोलर संबंधित उपकरणो का स्टॉल लगाकर सभी को उनकी जानकारी उपलब्ध करवाई गयी,सोलर एक्सपो में हमारी सोलर सोल्यूशन कंपनी उदयपुर,महिदपुर रोड़,रतलाम द्वारा भी अपना स्टॉल लगाकर आये हुए सभी विजिटर्स को अपने प्रोडक्ट की जानकारी उपलब्ध करवाई,जिसमें कंपनी के डायरेक्टर दिनेशजी पाटीदार,शशांक पाटीदार,आनंद पोरवाल,विजय पाटीदार,कीर्ति,अवनी,नेहा एवं ओलिवा लीथियम आयन बैटरी के मेन्युफैक्चरर जेनिल जी कोठारी अहमदाबाद,पैनासोनिक इन्वर्टर कंपनी के मध्यप्रदेश,राजस्थान के हेड अभिषेक जी शर्मा जयपुर उपस्थित थे.।

एक्सपो में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय केबिनेट ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला जी,केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान,कुणाल सिंह चौहान,म्फ सोलर एक्सपो के आयोजक आनंद गुप्ता, पंडित लोकेश शर्मा अधिकृत सलाहकार प्रमुख नीति विशेषज्ञ परामर्शदाता मुख्यमंत्री कार्यालय इंदौर,उत्साह ग्रुप के डायरेक्टर राजेंद्र धनोतिया,महिदपुर रोड़ से भरतजी शर्मा,राहुल बोथरा ने भी सोलर सोल्यूशन कंपनी के डायरेक्टर दिनेश पाटीदार से स्टॉल पर निरिक्षण के दौरान मुलाकात की और उपलब्ध उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की दिनेश पाटीदार ने बताया की उनकी कंपनी सोलर सोल्यूशन कम्पनी पिछले 15 वर्षो से इस क्षेत्र में काम कर रही है यह भी बताया की आयोजन मध्यप्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है,हरित ऊर्जा से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने हेतु हम सतत प्रयासरत हैं। सोना–उगले मिट्टी की टीम उस मेले में विशेष रूप से उपस्थित थी।

























स्वत्वाधिकारी : मुद्रक, प्रकाशक : देवांशु चौधरी के लिए स्पूतनिक प्रिंटिंग प्रेस, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं
ई.ए.–188, स्कीम 94, रिंग रोड, इन्दौर–452010 (म.प्र.) सम्पादक : देवांशु चौधरी, मो. 09827282091, 09826055852